# नैया मझधार है जाना उस पार है भजन लिरिक्स

नैया मझधार है,
जाना उस पार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।bd।

तर्ज – मेरी जो लाज है।

---

जो जैसे भाव है लाता,
ये वैसा ही फल देता,
पल में झोली भर देता,
बदले में कुछ ना लेता,
प्रेमी पे बाबा तेरे,
कितने उपकार हैं,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।
नईया मझधार है,
जाना उस पार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।bd।

---

दुनिया से जो हारा,
ये देता उसे सहारा,
लाखों भक्तों का जीवन,
इसने पल भर में संवारा,
जो चाहो मांग लो,
जितनी दरकार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।
नईया मझधार है,
जाना उस पार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।bd।

---

जो दुनिया के ठुकराए,
ये उनको गले लगाए,
आँखों के आंसू पोंछे,
और सर पे हाथ फिराए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गिरते को थाम ले,
ऐसी सरकार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।
नईया मझधार है,
जाना उस पार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।bd।

---

नैया मझधार है,
जाना उस पार है,
मेरी नैया का मेरा,
बाबा खेवनहार है।bd।

**Singer – Aditi Bansal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com